# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. अंडमान निकोबार प्रशासन पूरे द्वीपसमूह में राष्ट्रीय पहल 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।
2. केंद्रीय सूचना आयोग ने कल 'अपग्रेडेड अपील एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली 2.0 का शुभारंभ किया।
3. अनिम्स की ओर से अस्पताल की आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत करने पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
4. निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने नवीनीकृत और आधुनिक जिला पुस्तकालय, का उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, ने भारत के रचनात्मक क्षेत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जमीनी स्तर के डिजिटल रचनाकारों की पहचान करने, उन्हें निखारने और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पहल, 'जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज के पायलट चरण की शुरुआत की है, जिसमें अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भी शामिल है। यह चैलेंज में द्वीपों के तीनों जिलों के रचनाकारों को जनजातीय संस्कृति, पर्यावरण–पर्यटन, स्थानीय व्यंजन, पारंपरिक शिल्प और सामुदायिक उपलब्धियों सहित 'एमराल्ड आइलेस' की अनूठी पहचान प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित करता है। प्रविष्टियां 31 अगस्त तक WAVES पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी। इसके तहत प्रतिभागियों को 1 से 3 मिनट की मूल डिजिटल सामग्री पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। विजेताओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

इस बीच, अंडमान निकोबार प्रशासन पूरे द्वीपसमूह में 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज 2026' पर जागरूकता सह अभिविन्यास कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सूचना आयोग ने कल 'अपग्रेडेड अपील एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली 2.0 का शुभारंभ किया। यह पोर्टल लोगों को ऑनलाइन दूसरी अपील और शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है। इसमें आवेदकों, लोक प्राधिकरणों के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों और अन्य हितधारकों के लिए ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर से जुड़े उपयोगकर्ता खाते बनाने की सुविधा दी गई है।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान का कल समापन हो गया। हर घर तिरंगा अभियान के पांचवें वर्ष में लाखों भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने, तिरंगा यात्राओं में शामिल होने और वंदे मातरम गाने के लिए एकजुट हुए। इस अभियान को पूरे देश में मनाया गया, नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया, राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया और देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2022 में शुरू हुआ यह अभियान अब देश के सबसे बड़े जनभागीदारी आंदोलनों में से एक बन गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से कल 'साइबर अपराध और इसके रुझान, साइबर अपराध जागरूकता, और ड्रग्स व नारकोटिक्स जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हुए कार्यक्रम का संचालन साइबर एवं एंटी–नारकोटिक उप पुलिस अधीक्षक सुमा मड्डा, ने किया। सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को उभरते साइबर खतरों, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों, पहचान की चोरी, फ़िशिंग, फर्जी लिंक, डिजिटल भुगतान घोटालों और अन्य साइबर–सक्षम अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को ओटीपी, पिन, पासवर्ड, सीवीवी, बैंकिंग क्रेडेंशियल या अन्य संवेदनशील जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर, परिवार और समाज पर नशीली दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान–अनिम्स की ओर से गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के तकनीकी सहयोग से 'अस्पताल की तैयारियों, सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत करना– योजना से कार्रवाई तक' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में शुरू हुआ, जो आज भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन एनआईडीएम के कार्यकारी निदेशक मधुप व्यास, ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य आयुक्त सह सचिव डॉ. सचिन शिंदे, भी उपस्थित थे। श्री मधुप व्यास ने अपने संबोधन में अस्पताल की तैयारियों, जलवायु और स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति, मनोसामाजिक देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य, तथा अग्नि सुरक्षा पर क्षमता निर्माण के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र के लचीलेपन को मजबूत करने में एनआईडीएम के प्रयासों पर प्रकाश डाला। आयुक्त सह सचिव ने भी आपदाओं, आपात स्थितियों और अन्य गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने नवीनीकृत और आधुनिक जिला पुस्तकालय, का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी नंदिनी महाराज और जनजातीय परिषद के अध्यक्ष लियोनाल्ड निकोमेडे, भी उपस्थित थे। यह परियोजना राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन संस्कृति मंत्रालय की सहायता से शुरू की गई, जिसका उद्‌देश्य छात्रों और समुदाय को पढ़ने, सीखने और रचनात्मक विकास के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान जिला उपायुक्त ने अपने संबोधन में छात्रों को नियमित रूप से पुस्तकालय जाने, पढ़ने की आदत विकसित करने और उपलब्ध सुविधाओं तथा सीखने के संसाधनों का पूरा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुश्री नंदिनी महाराज, ने भी छात्रों के साथ बातचीत कर उनसे पुस्तकालय, संगीत कक्ष और प्रदान की गई सभी अध्ययन सामग्रियों का उपयोग करने की सलाह दी।

**<><><><><><><>**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज, राजकीय आईटीआई बकुलतला, तथा राजकीय आईटीआई एरोंग में अनुसूचित जनजाति श्रेणी की कुछ सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त पड़ी सीटों पर 21 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से सीधा प्रवेश दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने पहले सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन नहीं किए हैं, वे भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यार्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि के दौरान संस्थानों में प्रवेश के लिए उपस्थित होने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम योग्यता सूची कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर जारी कर दी गई है। इसके अलावा सूची डाइट के सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध है। मानवीकी विषय पर 31 अगस्त और विज्ञान विज्ञान विषय के लिए परामर्श पहली सितम्बर को सुबह 9 बजे डाइट के सभागार में लिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े आठ बजे तक अपने आवश्यक दस्तावेजो के साथ परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के अलावा संस्थान की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**<><><><><><><>**

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

**द डेली टेलीग्राम्स ने** सरकार द्वारा बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भूतापीय ऊर्जा योजना को आगे बढ़ाने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है। **द्वीप समाचार** ने जेम्स ऑफ इंडिया चुनौती के प्रायोगिक चरण में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के 6 चयनित राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में शामिल होने के समाचार को प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने बिल्लीग्राउंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने, **इंफो इंडिया** ने निम्बुतला पंचायत में बीएसएनएल की खराब

मोबाइल सेवा, और **द इको ऑफ इंडिया** ने तेरेसा जेट्टी पर पहली बार एमवी सेंटीनल को खड़ा करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**